लोकसभा अध्यक्ष ने लोकसभा में दलों के नेताओं के साथ बैठक की

नई दिल्ली, 16 नवंबर 2019: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने संसद पुस्तकालय भवन में लोकसभा में दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

बैठक के समापन के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने सदन में चर्चा किए जाने वाले मुद्दों पर नेताओं के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर बिज़नेस एडवाइजरी समिति द्वारा अंतिम रूप दिए जाने के बाद सदन में चर्चा की जाएगी। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि नेताओं ने उन्हें सदन को सुचारू और व्यवस्थित रूप से चलाने में सहयोग का आश्वासन दिया है।

बाद में एक ट्वीट सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि सत्र में जनहित विषयों पर वाद विवाद हो, सहमति-असहमति बने, लेकिन सदन चले। उन्होंने विश्वास जताया कि पहले सत्र की तरह सभी दल इस सत्र का भी सुचारू व व्यवस्थित संचालन करने में सहयोग करेंगे।